जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

03 जून 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने जर्मनी के एरफर्ट स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के साथ सफल अकादमिक आदान-प्रदान की खुशी मनाई

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई), नैक द्वारा ग्रेड ए++ प्रत्यायित केंद्रीय विश्वविद्यालय है जो जर्मनी के एरफर्ट स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के फैकल्टी ऑफ बिजनेस - लॉजिस्टिक्स – ट्रांसपोर्टेशन (एफएचई) के साथ समृद्ध अकादमिक आदान-प्रदान के सफल समापन की घोषणा करता है।

क्रॉस-कल्चरल समझ और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए निर्मित किए गए पहल 'एचआरएम मेगाट्रेंड्स और विविधता जागरूकता के बारे में जर्मन-भारतीय परिप्रेक्ष्य'की उत्कृष्ट सफलता रही है।

डॉ. सारिका तोमर और डॉ. शाद हबीब के मार्गदर्शन में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एम.ए. मानव संसाधन प्रबंधन कोर्स दस छात्रों ने दिनाँक 20 से 29 मई, 2024 तक एरफर्ट स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के संकाय का दौरा किया। कार्यक्रम की शुरुआत एप्लाइड साइंसेज के संकाय में गर्मजोशी से स्वागत से हुई और तदुपरान्त मानव संसाधन प्रबंधन, खुदरा विपणन, टीम निर्माण, खेल संगठनों में नेतृत्व और आर्थिक नीति पर व्याख्यानों की श्रृंखला आयोजित की गई। डॉ. सुज़ैन श्राबैक, प्रो.डॉ. एनेट होक्सटेल और प्रो. डॉ. बर्नड श्वांड्ट सहित प्रतिष्ठित प्रोफेसरों ने अपना ज्ञान सबसे साझा किया। छात्रों ने सांस्कृतिक आत्मसात और कम्युनिकेशन को बढ़ाने हेतु जर्मन भाषा सत्रों में भी भाग लिया।

इस आदान-प्रदान में एरफ़र्ट, लीपज़िग, वीमर और आइसेनाच की यात्राएँ शामिल रहीं जहाँ जर्मनी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास को प्रदर्शित किया गया है । जिन प्रमुख स्थलों का दौरा किया गया उनमें वार्टबर्ग कैसल, आइसेनाच थिएटर, गोएथे नेशनल म्यूज़ियम और बुचेनवाल्ड मेमोरियल शामिल हैं । इसके साथ साथ छात्रों ने वीएनजी लीपज़िग और कोलेडा में एमडीसी पावर जैसी प्रमुख कंपनियों और संस्थानों का दौरा किया, जहाँ उन्हें परिचालन और प्रबंधकीय प्रथाओं के बारे में बेशकीमती जानकारी मिली।

प्रत्येक दिन के प्रतिबिंब सत्रों ने प्रतिभागियों को अपने सीखने के अनुभवों को समेकित करने का अवसर प्रदान किया । यह सफल आदान-प्रदान वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में जेएमआई की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। तदुपरान्त नवंबर 2023 में प्रो सबाइन ब्रूनर के नेतृत्व में दस जर्मन छात्रों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा किया, जिसने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच मजबूत साझेदारी को रेखांकित किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया एरफर्ट विश्वविद्यालय, एप्लाइड साइंसेज और प्रो सबाइन ब्रूनर को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य हेतु आभार व्यक्त करता है और भविष्य में ऐसे आदान-प्रदान की उत्सुकता से प्रतीक्षा करता है जिससे हमारे छात्रों के शैक्षिक अनुभवों और वैश्विक दृष्टिकोण में वृद्धि होगी ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया